भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3254

(दिनांक 12.07.2019 को उत्तर देने के लिए)

दूरदर्शन और आकाशवाणी चैनलों में नेपाली भाषा

3254. श्री राजू बिष्टः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय प्रसारणों पर 24 घंटे चलाई जा रही किसी नेपाली भाषा सेवा की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार को नेपाली भाषा जो कि संविधान की 8वीं अनुसूची के तहत मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में से एक है, के लिए दूरदर्शन या आकाशवाणी के माध्यम से एक पृथक चैनल शुरू करने के लिए कोई प्रस्ताव या योजना प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री

(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि उनके पास चौबीसों घंटे प्रसारित होने वाला नेपाली भाषा का समर्पित रेडियो या टीवी चैनल नहीं है। तथापि, यह कर्सियांग, सिलीगुड़ी, गंगटोक, गोरखपुर और गुवाहाटी स्थित अपने आकाशवाणी केंद्रों से तथा आकाशवाणी दिल्ली के विदेश सेवा प्रभाग से भी नेपाली भाषा के विभिन्न अवधि वाले कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

इसके अतिरिक्त, दूरदर्शन चैनलों नामत: डीडी बांग्ला, डीडी पूर्वोत्तर, डीडी अरूणप्रभा, डीडी गंगटोक और डीडी देहरादून से समय-समय पर नेपाली भाषा में भी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है।

****